तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

4 नेशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल में अश्विना ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा 7 को

**कोरबा।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा 7 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिला के सभी शासकीय प्राथमिक शालाओं में आयोजित की गई है। जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरबा ने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा में सचिवालय राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के द्वारा कोरबा जिले को 27960 परीक्षार्थियों का लक्ष्य दिया गया है। तद्नुसार कोरबा विकासखंड को 5517, करतला को 6156, कटघोरा को 7106, पाली को 5657 और पोंड़ीउपरोड़ा को 3524 परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित कराने का लक्ष्य दिया गया है। परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश एवं तैयारी के संबंध में जिला एवं विकासखंड स्तर पर समस्त बीईओ, बीआरसी एवं सीएसी की बैठकें आयोजित कर परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित करने को कहा गया है।

### प्लेसमेंट कैंप का 5 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 5 दिसंबर को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से 3 नियोजकों -श्रमीन टेंलेंट प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, औप्टीवल हेल्थ सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और टाटा एआईए लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कोरबा के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। फिल्ड टेक्निशियन, फर्माशीस्ट, फिल्ड ऑफिसर, एच आर एक्जीक्यूटिव्ह, बिजनेस एसोसिएट, मैनेजर, लीडर मैनेजर, डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजर, इंश्योरेंस एडवाईजर के रिक्त पदों के लिए, आयुसीमा- 18 वर्ष से अधिक एवं योग्यता- 12वीं, आईटीआई ऑल टेक्निशियन ट्रेड, स्नातक, फोंसी, एमबीए, कार्यस्थल - कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, वेतनमान रूपये - 15 हजार से 30 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### पोड़ी उपरोड़ा में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन

**कोरबा।** जिले के पीएमकेएसवाय-वाटरशेड पोड़ी उपरोड़ा परियोजना अंतर्गत वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान माइक्रो वॉटरशेड सेमरा में चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, श्रमदान, पौधारोपण, विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। महोत्सव में जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती श्यामा पेन्द्रों सेमरा की सरपंच श्रीमती तुलसी बाई अरमो, लैंगा की सरपंच श्रीमती संतकली आयाम तथा सैला की सरपंच श्रीमती ज्योति पेन्द्रों सहित समिति के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सहायक संचालक मुरली बघेल, डब्ल्यूसीडीसी से शिशिर सामंत तथा डब्ल्यूडीटी टीम के श्याम राव मराठा, राकेश कुमार सोनी, श्रीमती ज्योति लहरे, समस्त वाटरशेड समिति सचिव एवं स्व-सहायता समूहों के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सहायक संचालक श्री बघेल ने जलग्रहण प्रबंधन, जल संरक्षण एवं सतत विकास की महत्ता पर विस्तृत उद्बोधन दिया।

### तीन दिवसीय मड़ाई मेले 19 से

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार में प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी विशाल तीन दिवसीय मड़ाई मड़ाई मेला का आयोजन 19 से लेकर 22 दिसंबर तक भाटापारा में रखा गया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति आंनद उत्साह का प्रतीक मंड़ाई मेला रखा जाता है जो हरदीबाजार की परंपरा में नींव का पत्थर का काम करती है। बैठक में सरपंच लोकेश्वर कंवर, गौंटिया मदनमोहन कंवर, उपसरपंच रेखा जायसवाल, प्रदीप राठौर, उमेश राठौर, बाबी राठौर, राजेन्द्र जगत, मेकमिलन राज, राकेश ओग्रे, नयन कुंवर ओड़, श्यामबाई सवित्री कंवर, नंदनी राठौर, इंद्रा बाई मरावी, नेहा सतनामी, ममता ओग्रे, लाला राठौर सहित पंच प्रतिनिधि, ग्रामवासी बैठक में शामिल थे।

# एसआईआर ने युवा, अधेड़, बुजुर्ग सबको खड़ा किया लाइन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मतदाता सूची की नई सिरे से पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर ने युवा, अधेड़, बुजुर्ग सबको लाइन में खड़ा कर दिया है। गणना पत्रक भरने की अवधि बढ़ाए जाने के बाद भी अभी भी कई मतदाता वोटर आईडी लेकर घूमते फिर रहे हैं। उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं होने के कारण गणना पत्रक नहीं मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर 94 प्रतिशत गणना पत्रक के एंट्री होने की जानकारी विभाग दे रहा है।

बीते एक माह से जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में एक साथ शुरु हुए निर्वाचन आयोग के एसआईआर कार्यक्रम में गणना पत्रक के लिए ऐसे मतदाताताओं का निर्वाचन कार्यालय ⏭ शेष पेज 3 पर

## कई मतदाता अभी भी ढूंढ रहे वोटर आईडी लेकर

### खास बातें

- मतदाता सूची में नाम नहीं होने के सामने आए हैं मामले
- शहरी क्षेत्र में ज्यादा आ रही समस्या



### जोड़ा जाएगा नाम

एसआईआर के तहत गणना पत्रक भरने का काम 94 प्रतिशत पूरा हो चुका है। मतदाताओं के नाम जिनके छूट गए हैं उनके जोड़ने का काम 16 दिसंबर से किया जाएगा।

-माधुरी सोम ठाकुर
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

## शहरी क्षेत्र में शिकायतें ज्यादा

मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं होने के ज्यादातर मामले शहरी क्षेत्र में सामने आ रहे हैं। इसके विपरीत ग्रामीण अंचलों में ऐसे मामले बहुत कम सामने आए हैं। भैसमा क्षेत्र के सलिहाभांठा निवासी जायसवाल परिवार के दो सदस्य निर्वाचन कार्यालय पहुंचे जिनके नाम वर्ष 2003 के मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उन्हें नाम जोड़ने के लिए जन्म प्रमाण पत्र बनाने को कहा गया है। बुजुर्ग जायसवाल दंपत्ति अब अपना नाम जुड़वाने के लिए पंचायत से जन्म प्रमाण पत्र बनवाएंगे।

### 16 दिसंबर से नाम जोड़ने की होगी प्रक्रिया

जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से छूट गए हैं ऐसे मतदाताओं के नाम 16 दिसंबर के बाद आयोग द्वारा निर्धारित किए गए दस्तावेजों को दिखाने के बाद जोड़ने का कार्य किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं 16 दिसंबर के बाद अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

## जिले में एक ही स्थान पर प्रस्तावित है नई कालोनी, 20 नवंबर से लागू की गई है नई दर

# हाउसिंग बोर्ड के पुराने आवासों में भी लागू होगी रजिस्ट्री की नई दर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन एवं आवासों के रजिस्ट्री की नई दर लागू होने के बाद विरोध के स्वर जगह जगह तेज होने लगे हैं। राज्य सरकार के द्वारा लागू की गई नई रजिस्ट्री की दर से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आवास भी अछूते नहीं हैं। वर्तमान में पुराने आवासों की भी रजिस्ट्री नई दर में की गई है। ऐसे आवास जो सीधे हाउसिंग बोर्ड से क्रय किए जा रहे हैं उनके भी इस दायरे में आने की जानकारी सामने आयी है।

आवासों की रजिस्ट्री को लेकर सबसे ज्यादा परेशान पुराने बिल्डर्स और जमीन के व्यापार से जुड़े कारोबारी हो रहे हैं। जिनका व्यवसाय सरकार की नई गाइड लाइन से थम गया है। वहीं आम मध्यम वर्ग भी जमीन खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। ऐसे आम मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए हाउसिंग बोर्ड के द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवास बनाए गए हैं जिनमें से कुछ की बिक्री अभी भी नहीं होने से खाली पड़े हुए हैं। ऐसे आवासों की बिक्री के लिए हाउसिंग बोर्ड के द्वारा पिछले महीने आवासीय स्कीम लायी गई थी ताकि बचे हुए आवासों की बिक्री की जा सके। उसके बावजूद कुछ आवास अभी भी नहीं बिके हैं। इस बीच राज्य सरकार ने रजिस्ट्री की जो नई दर 20 नवंबर से लागू की है उसको देखते हुए कुछ लोग हाउसिंग बोर्ड के पुराने आवास की खरीदी बिक्री करने पंजीयन कार्यालय पहुंचे थे जिनकी रजिस्ट्री नए दर में होने से खरीददारों के होश उड़ गए। हाउसिंग बोर्ड के पुराने आवास नई दर लागू होने की जानकारी पंजीयन दफ्तर से जुड़े लोगों के द्वारा दी गई है। उनके अनुसार हाउसिंग बोर्ड के आवास को लेकर अभी उनके पास ऐसे कोई नए निर्देश नहीं आए हैं।



फाइल फोटो

### पुराने आवासों पर भी नई दर

हाउसिंग बोर्ड के पुराने आवासों की जो दोबारा रजिस्ट्री हो रही है वह सभी नई दर पर हो रही है। हाउसिंग बोर्ड की उनकी खुद की दर निर्धारित है। अभी जो भी रजिस्ट्री हो रही है रिसेल वेल्यू की वह नई गाइड लाइन के तहत हो रही है।

-श्रीमती पावड़े मिंज
वरिष्ठ पंजीयक

### जमीन की कीमत बढ़ने से शुल्क भी बढ़ा

शासन की ओर से अलग अलग क्षेत्रों में जमीन की कीमतों में वृद्धि की गई है। उससे स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क की राशि भी बढ़ गई है। स्टाम्प ड्यूटी 6 प्रतिशत लगती है और पंजीयन शुल्क जमीन की कीमत का 4 प्रतिशत कुल 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा। पूर्व में यह 7 प्रतिशत के लगभग हुआ करता था।

### खरमोरा में प्रस्तावित है नई कालोनी

खरमोरा में हाउसिंग बोर्ड की 370 आवासों वाली नई कालोनी का प्रस्ताव तैयार हो चुका है। हाउसिंग बोर्ड को कालोनी निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन भी आबंटित कर दी गई है और इसमें बनने वाले नए आवास भी नए गाइडलाइन के दायरे में आने के कारण बोर्ड के अधिकारी भी संशय में हैं। अगर नए आवासों के रजिस्ट्री में नई दर ही लागू रही तो खरीददारों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

### शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर नारों के माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एम .वैष्णव ने एड्स को एक घातक बीमारी बताया एवं इससे बचने का उपाय बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ एम.एम वैष्णव, रासेयो पुरुष कार्यक्रम अधिकारी डॉ के. के दुबे, महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली कँवर, डॉ महेश वर्मा, डॉ रानू राठौर और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक लुकेश साहू, साहिल नामदेव, मयंक, सौरभ, अंजली, आँचल, प्रतिभा देवकुमारी, बादल, खुशी, आयुष, रवि, हिमांशु, अभिषेक, दिशु, दुर्गेश साहू, शिवादीप, उमेश, शुभम, सुमन, मोनू दिव्यानी एवं समस्त छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# युवक के हत्यारों के गिरेबांह तक पहुंचने पुलिस जुटी छानबीन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन दिन पूर्व एक 40 वर्षीय युवक की चारों हाथ पैर के उंगलियां व गुप्तांग कटी हुई अवस्था में लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है लेकिन तीन दिन बाद भी अब तक मृत युवक की पहचान नहीं हो पायी है जिससे पुलिस की मुश्किले बढ़ गई है।

### खास बात

- करतला थाना क्षेत्र के ग्राम औराई के खेत में मिली अधजली लाश

हालांकि पुलिस हत्यारों के गिरेबांह तक पहुंचने का प्रयास में जुटी हुई है।

उल्लेखनीय है कि करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम पंचायत औराई में 30 नवंबर को गांव के खेत में अज्ञात व्यक्ति की अधजलली लाश मिली थी जहां हत्यारों ने युवक के दोनों हाथ और पैर के उंगलियों को काटने के अलावा उसके गुप्तांग को काट दिया है और जंगल में उसके लाश को ले जाकर ठिकाना लगाया गया था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात हत्यारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी अब तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। जिससे पुलिस की जांच रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है यदि युवक की पहचान हो पाती है तो पुलिस जल्द ही हत्यारों के गिरेबांह तक पहुंच सकेगी। पुलिस जिले सहित आसपास के पड़ोसी जिला को फोटो भेजकर पहचान कार्यवाही में जुटी हुई है। जिस तरह से मृत युवक की लाश मिली है और उसके लाश को जलाया गया है जिसकी वजह से उसकी पहचान कार्यवाही में परेशानी हो रही है।

### तीन दिन बाद भी नहीं हो पायी पहचान



ज्ञात रहे कि रविवार की देर शाम सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना को स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि सतनाम नगर टायर दुकान के समीप एक 35 वर्षीय युवक की लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पाते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना दलबल सहित मौके पर पहुंचे जहां पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृत युवक लोवर पहना हुआ है ऊपर खुला बदन था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी अब तक इस युवक की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस ने मृत युवक के शव को मेडिकल हॉस्पिटल के मरच्युरी में रखवाया है और उसकी शिनाख्ती के लिए प्रयास में जुटी हुई है। पीएम होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि युवक की मौत कैसे हुई है।

## कोरबा और कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रहा है हाथियों का झुण्ड

# झुंड से बिछड़ा दंतैल हाथी पहुंचा पड़ोसी जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनमंडल कोरबा में हाथियों का उत्पात लगातार बना हुआ है। यहां के करतला वन परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी अलग-अलग स्थानों पर घूम रहे हैं। इनमें से एक दंतैल हाथी झुंड से अलग होकर कनकी के रास्ते कोरबा रेंज के कटबितला गांव में पहुंच गया था, जहां सुबह अपने खेत को देखने गए मुन्ना राजवाड़े नामक व्यक्ति का उससे सामना हो गया। जिस पर हाथी ने हमला कर दिया। हाथी के हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीण पर हमला करने के बाद दंतैल हाथी दिन भर क्षेत्र में भ्रमण करता रहा, जिससे ग्रामीण दहशत में रहे लेकिन शाम होते ही उसने आगे बढन्ना शुरू किया और पंतोरा क्षेत्र में पहुंचने के बाद जंगल में जाकर डेरा डाल दिया। दंतैल हाथी के पंतोरा क्षेत्र में पहुंचने की सूचना संबंधित वन अमले को दे दी गई है जिस पर वह दंतैल की निगरानी में जुट गया है। दूसरी ओर करतला रेंज के बुढिय़ापाली, संेंद्रीपाली तथा करतला जंगल में मौजूद हाथियों का लोकेशन ड्रोन कैमरे के जरिए पता लगाने के साथ उसकी निगरानी भी तेज कर दी गई है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक करतला जंगल में घूम रहे दंतैल हाथी से ग्रामीणों को ज्यादा खतरा हो सकता है।



झुण्ड से बिछड़कर विचरण करता दंतैल।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेन शाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगर भोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक बिटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### दीक्षांत समारोह में मिलेगा डा. पालेश्वर प्रसाद शर्मा स्वर्ण पदक



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर का छठवां दीक्षांत समारोह 4 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में एम.ए. (हिंदी साहित्य) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को भाषाविद् एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा की पावन स्मृति में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

### जोनल स्टेशन में गूंजी बच्चे की किलकारी

**बिलासपुर।** बुधवार की दोपहर जोनल रेलवे स्टेशन में कामर्शियल विभाग के सहयोग से तत्काल एक गर्भवती महिला का उपचार कराया गया, जिसने उपचार के दौरान एक बच्चे को जन्म दिया। अकलतरा से बिलासपुर स्टेशन पर एक 22 वर्षीय महिला पहुंची। स्टेशन परिसर स्थित सुलभ शौचालय के सामने महिला को अचानक लेबर पेन की स्थिति उत्पन्न हो गई। डॉक्टरों की टीम ने सुरक्षित प्रसव कराते हुए महिला व नवजात दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रसव के बाद दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद महिला एवं शिशु को आगे बेहतर चिकित्सा देखभाल के लिए महतारी योजना एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया गया, जहां महिला और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं समय पर सहायता प्रदान करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### गल्ला से सवा लाख रुपए नकद चोरी

**बिलासपुर।** एक बार फिर चोरों ने फार्मेसी स्टोर का शटर अटासकर गल्ले से 1 लाख 20 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, सावित्री प्लाजा लिंक रोड स्थित विहार लाईफ केयर फार्मेसी स्टोर के अकाउंट मैनेजर अरूण कुमार पिता ज्वाला प्रसाद ने रिपोर्ट लिखाई। उनका तिफरा में ब्रांच संचालित है। 30 नवंबर की रात कर्मचारी स्टोर बंद कर घर चले गए थे। देर रात चोर दुकान का शटर अटासकर अंदर घुस गए और गल्ले का लाक तोड़कर उसमें रखे 1 लाख 20 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गए। 1 दिसंबर को कर्मचारी दुकान खोलने गए तो चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस दुकान का मुआयना करने के बाद लौट गई।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 1 आवेदक के आवेदन के छानबीन के क्रम में 3 दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफा या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते हैं। डीईओ ने बताया कि मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा नरगोड़ा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. रमेश कुमार देवांगन के परिवार से उनके पुत्र लोकेश कुमार देवांगन ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आवेदक के संबंध में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कक्ष क्रमांक 25 पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग में निर्धारित अवधि में दिया जा सकता है। विलंब से प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### मोटरसायकल की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** मोटरसायकल की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा पुलिस थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद जाबीर निवासी बलौदा द्वारा 3 दिसंबर को थाना बलौदा उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 दिसंबर को अपनी बजाज प्लेटिना को घर के सामने खडी कर खाना खाकर सो गया था।

---

**नगर पंचायत कोटा का मामला**

**कोटा विधायक द्वारा अगस्त माह में स्वीकृत किए गए थे कार्य**

# विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों का ऐसा हाल, मंजूरी के पांच माह बाद भी इस्टीमेट अप्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




अलग खबर

विधायक निधि से स्वीकृत जनहित से संबंधित कई निर्माण कार्यों को अगस्त माह में स्वीकृति दी गई थी। आज पांच महीने बाद भी नगर पंचायत कोटा द्वारा इस्टीमेट तक प्रस्तुत नहीं किया जा सका है। विधायक निधि से संबंधित कार्यों में ऐसी लेटलतीफी हो रही है, तो शेष मदों में स्वीकृत कार्यों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

कोटा विधानसभा अंतर्गत कोटा शहर के विभिन्न वार्डों के लिए विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनहित से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत सामुदायिक भवन, शेड निर्माण, सांस्कृतिक मंच, स्कूलों में अहाता, सहित 42 लाख रूपए की लागत से आठ कार्यों को स्वीकृति दी गई थी। उक्त स्वीकृति अगस्त महीने में दी गई थी, लेकिन नगर पंचायत कोटा द्वारा आज दिसंबर महीने तक भी उक्त कार्यों का इस्टीमेट जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग को प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस्टीमेट के अभाव में आगे की पूरी प्रक्रिया ही रूकी है, जबकि इस वित्तीय के अब केवल चार माह ही शेष रह गए हैं।

जिला योजना एवं सांख्यकीय विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने स्तर पर इस्टीमेट प्राप्त करने के लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, लेकिन अब इस संबंध में विधायक एवं कलेक्टर से चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने की बात कही जा रही है।

### बीते वर्ष स्वीकृत सारे कार्य अप्रारंभ

नगर पंचायत कोटा केवल इस्टीमेट भेजने के मामले में ही लेटलतीफ नहीं है। कार्य को समय पर पूर्ण करने के मामले में भी यहां की चाल सुस्त है। विधायक निधि से ही यहां बीते वित्तीय वर्ष के लिए 23 लाख 50 हजार रूपए के कार्य स्वीकृत किए गए थे, जो आज दिनांक तक अप्रारंभ हैं। विलंब का कारण पूछा जाए तो सारे जिम्मेदार एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते नजर आते हैं।

### विधायक को देंगे जानकारी

विधायक एवं कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जाएगा, ताकि स्वीकृत कार्यों का जल्द से जल्द इस्टीमेट प्राप्त कर निर्माण प्रारंभ कराया जा सके।

**-एनके नेताम,** उपसंचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

### इंजीनियर अवकाश पर थे

इंजीनियर के अवकाश पर चले जाने के कारण इस्टीमेट भेजने में विलंब हुआ है। कुछ इस्टीमेट तैयार हो चुके हैं। कुछ शेष हैं, जिन्हें जल्द ही भेज दिया जाएगा।

**-राहुल कुमार यादव,** सीएमओ, नगर पंचायत कोटा

---

**पुल के ऊपर आवागमन हुआ मुश्किल**

# चौबीस घंटे आवाजाही वाले तोरवा पुल की सड़क बेहद जर्जर



> चौबीसों घंटे हल्के व भारी चारपहिया वाहनों की आवाजाही वाले तोरवा पुल की सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। पुल पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि इनसे बचाव के लिए दाएं-बाएं मुड़ने के चक्कर में पीछे व सामने से आ रहे वाहनों से कब टक्कर हो जाए इसकी गारंटी नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजकिशोर नगर, सीपत व कोरबा आवागमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तोरवा पुल की सड़क जर्जरता की हद पार कर चुकी है।

पुल के ऊपर दिन भर मवेशियों के जमाव से पहले से ही परेशान शहरवासी आवागमन के दौरान सामने की ओर कम व गड्ढे व मवेशियों से बचाव के लिए नीचे की ओर ही देखते रहते हैं। हाल ही में छठ पूजा के दौरान पुल पर दोनों ओर से शहरवासियों का बड़ी संख्या में आना-जाना हुआ था। उस दौरान यह उम्मीद की जा रही थी कि पुल की सड़क में सुधार कर लिया जाएगा। जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। पुल अब भी अपनी जर्जर सड़क के साथ खड़ा है।



तोरवा पुल सड़क पर जगह-जगह बन गए गड्ढे। दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण।



### मरम्मत करवाई जाएगी

तोरवा पुल वैसे तो सेतु डिवीजन का विषय है, लेकिन जनहित को ध्यान में रखकर उधर काम चलने के दौरान पुल की सड़क की मरम्मत करवा दी जाएगी।

**-सीएस विंध्यराज**
ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

---

## परीक्षा तिथि बढ़ाने छात्रों ने किया प्रदर्शन



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी के छात्र-छात्राओं का कोर्स पूरा नहीं हुआ है और अधूरे पाठ्यक्रम में सेमेस्टर परीक्षा दिलाने छात्र तैयार नहीं है। इसलिए सेमेस्टर परीक्षा जनवरी माह में आयोजित किए जाने और यूनिवर्सिटी के खेल मैदान के विकास की मांग को लेकर यूटीडी के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया।

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी के छात्र-छात्राओं का कहना है कि उनका पाठ्यक्रम अधूरा है और आंतरिक मूल्यांकन को दृष्टिगत रखते हुए यूटीडी की सेमेस्टर परीक्षा जनवरी माह में आयोजित किया जाना चाहिए। इसी तरह यूनिवर्सिटी कैंपस में खेल मैदान का समतलीकरण और आवश्यक खेल सुविधाओं का विकास करना चाहिए तथा वार्षिक खेलकूद गतिविधियों का आयोजन करना चाहिए। इन विषयों को लेकर यूटीडी के छात्रों ने आज यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया। छात्रों ने नारेबाजी करते हुए यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया, उसके बाद छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद तिवारी के माध्यम से यूनिवर्सिटी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर नीरज यादव, लक्की साहू, सौरभ दुबे, आयुष खांडेकर, चिन्मय राहा, सारांश सिंह, निशु, रोहन, प्रगति, गौरव, मनीष, नीतिश, जुनैद, दामिनी आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## आपसी विवाद को लेकर दो नाबालिग भाइयों पर चाकू से हमला, एक गंभीर



घायल नाबालिग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

आपसी विवाद को लेकर दो नाबालिग भाईयों पर जानलेवा हमला किया गया है। मामले में एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर अपोलो रेफर किया गया है। घटना बम्हनीडीह के सतबहनिया मंदिर के पास की है।

इस संबंध में बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बम्हनीडीह में बुधवार 3 दिसंबर की सुबह सातबहनीया मंदिर के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो नाबालिक भाइयों पर मामूली वाद विवाद को लेकर जानलेवा हमला कर दिया गया शिवम सोनी उम्र 17 वर्ष और शिवा सोनी उम्र 16 वर्ष रोज की तरह बैठे हुए थे, तभी रोहदा निवासी राजा महंत वहां पहुंचा और दोनों के बीच आपसी बात को लेकर विवाद होने लगा, विवाद बढ़ते ही राजा ने अपने पास रखे चाकू से दोनों पर ताबड़तोड़ वार कर दिए अचानक हुए इस हमले से मौके पर मौजूद लोग सहम गए और हमलावर को किसी तरह दूर कर घायल को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया लेकिन शिवा के पेट में गहरी चोट होने और शिवम के हाथ में गंभीर कट लगने के कारण दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शिवम और शिवा रोज की तरह मंदिर के पास बैठे थे तभी आरोपी वहां पहुंचा और पहले दोनों भाइयों से विवाद करने लगा विवाद तेजी से बढ़ा और आरोपी ने अचानक चाकू निकालकर पेट और हाथ सहित शरीर के कई हिस्सों पर वार कर दिए इस दौरान शिवम के दोस्तों ने बीच-बचाव कर हमलावर को हटाया और दोनों भाइयों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया डॉक्टरों के अनुसार छोटे भाई शिवा के पेट में चाकू गहराई तक घुस जाने से स्थिति गंभीर बनी हुई है। आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चाकू को भी बरामद कर लिया है

---

## ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा 8 से 13 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



चौथी लाइन को कनेक्ट किए जाने के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन रोकने के साथ कुछ को डायवर्ट व देर से रवाना करने का निर्णय लिया गया है।

हावड़ा-मुम्बई मुख्य लाइन पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के बिलासपुर-झारसुगुडा सेक्शन में चौथी लाइन का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत चांपा से खरसिया सेक्शन के बाराद्वार स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी करने प्री नान इंटरलाकिंग और नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें 9 से 13 दिसम्बर तक 68738/68737 बिलासपुर से रायगढ़ और रायगढ़ से बिलासपुर के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर और 8 से 12 दिसम्बर तक 68736 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द की जाएगी। वहीं 9 से 13 दिसम्बर तक 68735 रायगढ़-बिलासपुर रद्द रहेगी। इन रद्द ट्रेनों के अलावा 9 से 13 दिसम्बर तक गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी और बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी। इसी तरह 9 से 13 दिसम्बर तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ करते हुए गोंदिया के लिए रवाना की जाएगी।

### जांच में पहुंचे अफसरों ने पूर्व सरपंच से मांगे दस्तावेज

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत मोहनदीकला में 15 वे वित्त आयोग , प्रधानमंत्री आवास, मकान टैक्स की राशि में पूर्व सरपंच तथा सचिव द्वारा अनियमिता बरते जाने को लेकर वर्तमान सरपंच, उप सरपंच तथा जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर तीन माह पूर्व जांच कर कार्यवाही के जाने की मांग को लेकर शिकायत की गई थी। जिस पर 28 नवंबर को जांच टीम देवलाल बंजारे वरिष्ठ करारोपण.आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी सब इंजीनियर ओ पी मरावी तथा तकनीकी सहायक विवेक राठौर के साथ ग्राम पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व सरपंच से सभी दस्तावेज मांगा किंतु पूर्व सचिव के जांच में नहीं पहुंचने के चलते कोई भी जानकारी नहीं मिल पाया ऐसे में ग्रामीणों एवं शिकायतकर्ताओं से जानकारी लेकर पंचनामा तैयार किया साथ ही जनपद सीईओ को अवगत कराने की बात कहा गया हालांकि पूरे जांच के दौरान पूर्व सचिव अनुपस्थित रहे। जिसको लेकर पूरे गांव में चर्चा रहा, वहीं अधिकारियों का कहना था जनपद सीईओ को इस बारे में जानकारी देकर पुनं सचिव को नोटिस जारी करने की बात कही गई।

## धर्मपरिवर्तन का प्रयास महिला सहित 3 गिरफ्तार



प्रार्थना सभा में चर्चा करते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक मकान में प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन की कोशिश कराने को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने इस मामले में महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

3 दिसंबर को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि पचपेड़ी थाना क्षेत्र के चिल्हाटी अटल आवास निवासी अनित नायक पिता नरोत्तम नायक के घर में एक समाज के प्रमुख लोगों द्वारा बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित कर लालच व अनेक प्रकार के प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराने की कोशिश की जा रही है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर धर्मपरिवर्तन का विरोध किया तो उक्त समाज के लोग सामने आ गए और उनके बीच विवाद होने लगा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राज सिंह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए, उन्होंने लोगों को समझाइश देने की कोशिश की, किन्तु बजरंग दल के कार्यकर्ता धर्मपरिवर्तन कराने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। वहीं दूसरे समाज के लोग जबरिया कार्रवाई कराने का आरोप लगाने लगे।

दोनों पक्ष थाने में जाकर भी हंगामा मचाने लगे। पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ता जोंधरा निवासी नारायण पटेल की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर धर्म परिवर्तन की कोशिश करने वाले अनिता नायक पिता नरौत्तम नायक 32 साल चिल्हाटी पचपेड़ी, अम्बद देवदास पिता अम्बद इजराइल 52 साल बलौदाबाजार, जे प्रभाकर राव पिता चिनाईया 38 साल बलौदाबाजार निवासी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## प्रोफेसर से लूट व अपहरण : शिक्षक सीएफ के जवान समेत 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



प्रोफेसर से लूटपाट एवं अपहरण करने के मामले में सीएफ का जवान, शिक्षक एवं एक अपचारी बालक समेत 5 आरोपियों को गिरफ़तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के नगर पंचायत खरौद की है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रोफेसर रामकुमार सिंह कंवर ने 1 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 नवंबर को उन्हें कुछ लोगों ने फोन कर खरौद बुलाया और फिर उन्हें अगवा कर लिया। आरोपियों ने उनसे 25 लाख रुपये की मांग की और मारपीट करते हुए उनका न्यूड वीडियो बनाया और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो वीडियो वायरल कर देंगे। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

---

**जिम्मेदार अफसरों को नहीं कोई सरोकार**

# शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल, आवागमन में परेशानी

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

जांजगीर शहर की ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था खराब हो चुकी है। जिसके कारण वाहन चालक सहित आम लोगो को आवागमन में परेशानी हो रही है। वही इस समस्या को लेकर विभाग के जिम्मेदार अफसरो को किसी तरह का कोई सरोकार तक नही है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक, नेताजी चौक, केरा रोड, अटल चौक सहीत अन्य प्रमुख मार्गो पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है। ताकि वाहन चालक सहित आम बाइक सवार लोग भी यातायात नियमो का पालन करते हुए। अपने वाहनो का परिचालन करे। इधर जांजगीर शहर की ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था खराब हो चुकी है। वही इसके मरम्मत एवं रखरखाव को लेकर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। जिसके कारण आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानी उठानी पडती है।



कचहरी चौक का नजारा।

इधर शहर के बिगडे ट्रैफिक सिग्नल के कारण लोगो को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। शाम के वक्त तो कचहरी चौक, नेताजी चौक सहित अन्य जगहो पर जाम की स्थिती निर्मित हो जाती है।

इसके बाद भी खराब हो चुके ट्रैफिक सिग्नल को बनाने की दिशा में पहल तक नही की जा रही है। पहले भी सिग्नल व्यवस्था कई बार बाधित हो चुकी है, लेकिन इसके रखरखाव पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। जिसके चलते चालक समेत लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है

## खबर संक्षेप

### रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

**कोरबा।** सोशल मीडिया के स्मार्ट यूजर बनें और इसका इस्तेमाल विज्ञान के वरदान की तरह करें। यह आज के दौर की युवा पीढ़ी यानी जेन जी के लिए एक पावर है। इस प्लेटफॉर्म में सकारात्मक विचारों को शामिल कर आप अपने आने वाले कल को निखारने की कारगर राह बना सकते हैं। इसके उपयोग में कुशलता की कमी या नाकारात्मक भाव आपके या आपके अपनों के भविष्य को अंधकारमय भविष्य की ओर धकेल सकती है। इसलिए ऑनलाइन जाते वक्त सदैव सजग, सावधान और जागरूक रहें। उक्त बातें कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा कोरबा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के दूसरे दिन द्वितीय बौद्धिक सत्र में छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि रहे कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य एवं शिक्षाविद विकास पांडेय ने कही। सात दिवसीय विशेष शिविर पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम सिंघिया में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन हेतु मार्गदर्शन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ संजय शर्मा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ पीके सांगोड़ए हैं। विशेष शिविर के प्रथम दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सिंघिया के सरपंच मनोज कुमार टेकाम, चतुर्भुवन नायक सभापति जनपद पंचायत पोड़ी, देवनारायण डिक्सेना उपसरपंच सिंघिया, मदन सिंह शांडिल्य बीआर जाटवर कार्यक्रम अधिकारी सेजेस स्कूल सिंघिया रहे। चतुर्भुवन नायक सभापति जनपद पंचायत पौड़ी ने अपने उद्बोधन में युवा को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। सरपंच मनोज टेकाम ने युवाओं का ग्राम में आत्मीय स्वागत अपने उद्बोधन के माध्यम से किया।

### पीएम सूर्य घर योजना से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

**कोरबा।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। हितग्राही राधेश्याम राज बताते हूं कि उनके घर में परिवार बड़ा है और विद्युत उपकरण भी अधिक चलते हैं, जिसके कारण हर महीने बिजली का बिल काफी अधिक आता था। जब उन्हें जानकारी मिली कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर योजना में सब्सिडी प्रदान की जाती है और प्लांट स्थापना में भी विभागीय टीम घर पर आकर सहायता करती है, तो उन्होंने इसे भविष्य के लिए एक बेहतर विकल्प माना और अपने घर में सोलर पावर प्लांट लगाने का निर्णय लिया। उन्होंने 3 किलोवाट क्षमता का हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट लगवाया। वे बताते हैं कि हाइब्रिड प्लांट होने से बाहर बिजली गुल होने पर भी घर की बिजली चालू रहती है, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती।

### गीले व सूखे कचरे का उचित निपटान आवश्यक-मोनिका

**कोरबा।** घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरा को अलग-अलग करके उसका उचित निपटान करना अत्यंत आवश्यक है। उक्त उदगार श्रीमती मोनिका सिंह राज्य सलाहकार (राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण) एवं संभाग प्रभारी बिलासपुर के द्वारा 25 नवंबर को भ्रमण के दौरान कहा कि जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कर्रा (सिंघिया), कापुबहरा, गुडरुमुडा, बांझीबन एवं दर्राभांठा में भ्रमण के दौरान कचरा संग्रहण कार्य में संलग्न स्वच्छाग्रहियों से मुलाकात कर चर्चा के दौरान कहा। श्रीमती मोनिका सिंह ने स्वच्छाग्रहियों से गांव में हो रहे कचरा कलेक्शन के गीले कचरे से खाद निर्माण व सूखा कचरे के पृथकीकरण के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा किया।

## निधन

### अशोक सिंह



**कोरबा।** बालको इंटक के श्रमिक नेता एवं सेवानिवृत्त कर्मी अशोक सिंह आपने गृह ग्राम रीवा मे निधन हो गया उनके निधन की खबर बालको कर्मियों को होने पर शोक व्याप्त हो गया श्री सिंह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। 67वर्षीय अशोक अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए उनका अतिम संस्कार उनके गृह ग्राम रीवा में किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एसआईआर ने....

आना थम नहीं रहा है जिनका वोटर आईडी तो बना है किंतु नई मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। ऐसे मतदाता वोटर आईडी लेकर निर्वाचन कार्यालय में अपना और अपने परिजनों का नाम सर्च करवा रहे हैं। बालको क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 कैलाश नगर के पुराने बाशिंदों का नाम 2025 तथा 2003 के मतदाता सूची में भी नहीं है। ऐसे क्षेत्रों के मतदाता निर्वाचन कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। किसी तरह पाड़ीमार भदरापारा सहित रिसदी निर्मला स्कूल के समीप निवासरत मतदाताओं के सभी परिजनों के नाम वोटर लिस्ट नहीं है। बालको क्षेत्र के नए रिसदा में निवासरत पति पत्नी का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है लेकिन एसआईआर के लिए बीएलओ ने जब मतदाता सूची लेकर गणना पत्रक बांटने पहुंचे तो पत्नी का नाम मतदाता सूची में दर्ज था वहीं पति का नाम मतदाता सूची से गायब था। इसी तरह उनके दोनों बच्चों के वोटर आईडी होने के बाद भी नाम नहीं है। यही स्थिति बालको के कालोनी क्षेत्र की भी नजर आ रही है।

# भेद-भाव पर कानूनी सुरक्षा जिला विधिक सेवा कोरबा की प्रभावी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन अनुसार स्व. बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय कोरबा में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार का उद्देश्य एचआईवी एड्स से प्रभावित सभी लोगो को स्वास्थ्य कवरेज के दायरे नालसा एवं जोर देना था। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए शहर के स्वास्थ्य संस्थानां में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये। कार्यक्रम का उद्देश्य भेदभाव मुक्त वातावरण का निर्माण, पीडितों को कानूनी सहायता

## विश्व एड्स दिवस पर दी गई जानकारी




उपलब्ध कराना और समाज में साकारात्मक जागरूकता फैलाना था। चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से सहायक अधिष्ठाता डॉ. रविकांत जाटवर के निर्देशन पर महाविद्यालय के उपस्थित डॉक्टरों ने एड्स के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा की ओर पैरालीगल वालेटियर्स- रमाकांत दुबे एवं गोपाल चन्द्रा ने उपस्थित जनों को एचआईवी एड्स से जुडे कानूनी प्रावधान एवं गोपनीयता अधिकार निःशुल्क सहायता योजनाएं एवं भेदभाव निवारण कानूनों के बारे में जानकारी दी। पीएलव्ही टीम ने कहा कि एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति को समान उपचार, सम्मान और कानूनी सुरक्षा का अधिकार प्रदत्त है किसी भी प्रकार का भेद भाव पर कानूनी शक्ति पर रोक लगाता है। लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्फ लाईन नंबर एवं कानूनी सहायता के बारे में बताया गया। मेडिकल कालेज एवं चिकित्सा प्रबंधन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की इस संयुक्त प्रयास को सराहते हुए कहा कि इस समाज में एचआईवी एड्स से जुडे भ्रांतियों को दूर भगाने में कानूनी जागरूकता एक मजबूत हथियार है। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के डॉक्टरों, प्रोफेसर सहित अध्ययनरत छात्र- छात्राएं उपस्थित रहें।

## केंद्र के नोडल अधिकारी और समिति प्रबंधक को जारी हुई नोटिस

# पठियापाली धान उपार्जन केंद्र में कलेक्टर को निरीक्षण में मिला पुराना धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पठियापाली एवं लबेद के धान उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत पठियापाली स्थित उपार्जन केंद्र में पुराने धान का भंडारण पाया

**खास बात**

- सीमा क्षेत्र में बेरियर लगाने के निर्देश

गया तथा धान की नमी 10 प्रतिशत से भी कम पाई गई। इस अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने पठियापाली केंद्र के नोडल अधिकारी रजनीश सिंह (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) एवं समिति प्रबंधक चंद्रशेखर कैवर्त के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के



निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकरण के पूर्ण निराकरण तक ऐसे धान की खरीदी नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों की समग्र व्यवस्था को परखा और निर्देशित किया कि धान खरीदी केवल उन्हीं किसानों से की जाए, जो पात्र एवं पंजीकृत हों। उन्होंने कहा कि खरीदे गए धान का भंडारण एवं स्टैकिंग पूरी तरह सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियमों के अनुरूप किया जाए, ताकि गुणवत्ता में किसी प्रकार की समस्या न आए। उन्होंने यह भी कहा कि उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध बारदाने की संख्या का पंजी में शत-प्रतिशत सही अंकन हो तथा बारदानों के उपयोग और भंडारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कलेक्टर श्री वसंत ने दोनों उपार्जन केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की और निर्देश दिया कि कैमरे सदैव क्रियाशील रहें, ताकि खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

### लबेद जांच नाका का निरीक्षण करने दिए निर्देश

कलेक्टर श्री वसंत ने करतला विकासखंड के अंतर्गत सीमावर्ती ग्राम लबेद में अवैध धान के आवक को रोकने बनाए गए बैरियर का निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि बैरियर पर तीन शिफ्ट में सभी जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जाँच नाका के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की सघनता से जाँच की जाए और किसी भी स्थिति में अवैध धान का आवक न होने पाएं। कलेक्टर ने जाँच में संदिग्ध पाए जाने पर तहसीलदार और एसडीएम को सूचित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने एक नगर सैनिक की ड्यूटी बैरियर में लगाने के निर्देश एसडीएम को दिये।

उन्होंने यह भी कहा कि धान लेकर आने वाले प्रत्येक किसान की जानकारी आवक एप्लीकेशन में पूरी तरह दर्ज होनी चाहिए। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में धान खरीदी के पश्चात समय पर उठाव करने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए, ताकि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक जोखिम की स्थिति उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से संवाद किया और उन्हें अपने खेत का धान ही उपार्जन केंद्र में बेचने की अपील की। उन्होंने कहा कि अवैध धान की खरीदी और विक्रय से उपार्जन व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसलिए किसान इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल न हों तथा यदि कहीं अवैध धान खपाने की जानकारी मिले तो प्रशासन को अवश्य सूचित करें।इस दौरान एसडीएम सरोज महिलांगे, तहसीलदार, खाद्य विभाग, कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## रात्रि 10 बजे के बाद डीजे चलाने को लेकर रिसॉट संचालक के खिलाफ कार्रवाई की रखी मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अमरतालआनंदम धाम रिसॉट संचालक पर रात्रि को 10 बजे बाद ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने अकलतरा थाना में ज्ञापन सौंपा गया। नगरवासियों का कहना है कि डीजे व लाउडस्पीकर चलाए जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

गौरतलब है कि ग्राम अमर लाल में स्थित आनंदन धाम रिजॉर्ट में रात्रि 10 बजे के बाद डीजे धुमाल एवं लाउडस्पीकर सहित अन्य माध्यमों से ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाई जाने की मांग की गई है। शिवसेना जिला अध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि अमरताल में स्थित आनंदम धाम रिसौट संचालक के द्वारा रात 10 बजे के बाद भी तेज आवाज में धूमाल, डीजे साउंड , लाउडस्पीकर बजाया जाता है। जिससे ग्राम पंचायत अमरताल, तिलई, गढ़ोला के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं विद्यार्थी अपना अध्यापन कार्य नहीं कर पाते हैं। आनंदम धाम रिसोर्ट में ध्वनि प्रदूषण से क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में पड़ सकता है। क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं ग्राम वासियों की परेशानियों को देखते हुए आनंदम धाम रिसोर्ट के संचालक पर कार्रवाई करने एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में हुलेश कुमार चंद्रा, दीपक यादव युवा सेना, किशन यादव, शगुन यादव, कविता धीवर , संतोष सारथी , प्रदीप टांडेकर,अक्षय कुमार ओगरे, प्रदीप कश्यप, अरमान शर्मा, सीता देवी, दीपा मरावी, रिया कंवर एवं अन्य शिवसेना के पदाधिकारी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# पारंपरिक कृषि पद्धति को जैविक खेती में बदलकर कर रहे हैं अधिक उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के करतला क्षेत्र के नोनबिर्रा गांव की एक आदिवासी महिला किसान बसंती राठिया ने अपनी पारंपरिक कृषि पद्धतियों को टिकाऊ जैविक खेती में बदल दिया है। खास बात यह है कि करतला क्षेत्र के आसपास के लगभग 20 गांवों के किसान

**खास बात**

- करतला ब्लॉक के 20 गांवों के किसानों ने अपनाई नई पद्धति

प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, जिनमें महिला किसान भी शामिल हैं। अधिकांश आदिवासी महिला किसानों ने रासायनिक खादों का पूरी तरह से त्याग कर दिया है। महिला किसान अब प्राकृतिक खेती और जैविक खाद बेचकर



फाइल फोटो

आत्मनिर्भर भी बन रही हैं।

वनांचल क्षेत्र करतला के किसान बताते हैं कि उन्होंने केमिकल युक्त खेती से तौबा कर ली है। खेतों में वह पूरी तरह से नेचुरल खाद का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसानों ने नेचुरल खाद बनाने के लिए बाकायदा ट्रेनिंग भी ली है। ट्रेनिंग मिलने के बाद किसान अब अपने घर में ही नेचुरल खाद तैयार कर लेते हैं। खासतौर पर आदिवासी अंचल की महिलाएं इस खाद को घर पर ही तैयार कर रही हैं।

वैसे तो नेचुरल खाद तैयार करने के कई तरीके हैं। कई अलग-अलग विधि है। करतला के किसान जिस विधि का उपयोग कर रहे हैं और जिससे उन्हें अच्छा परिणाम भी मिल रहा है, वह गोमूत्र और गुड़ पर आधारित एक विशेष खाद है। महिला किसान बसंती राठिया बताती हैं कि एक निश्चित मात्रा में डिब्बा या ड्रम में पानी और गोमूत्र मिलाते हैं। इसके बाद इसमें बेसन और गुड़ को भी निश्चित मात्रा में मिलाया जाता है। इस मिश्रण को कम से कम एक हफ्ते तक स्टोर करके रखा जाता है। हफ्ते भर बाद यह नेचुरल खाद तैयार हो जाता है। किसान श्यामलाल राठिया कहते हैं कि पुराने समय में तो हम नेचुरल खाद का ही उपयोग करते थे, लेकिन बीच में हम यूरिया और डीएपी जैसे केमिकल खाद का उपयोग करने लगे। इससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि आसपास के गांव के कई किसान अब नेचुरल खाद का ही उपयोग कर रहे हैं। वर्तमान में उड़द, मूंगफली, बरबट्टी, टमाटर और कई सब्जी की खेती कर रहे हैं, जिससे अच्छी पैदावार हुई है। अब किसानों की बचत भी हो रही है, क्योंकि नेचुरल खाद की लागत बेहद कम है। यह पूरी तरह से नेचुरल खाद है। जिससे किसानों को बेहतर परिणाम मिल रहा है। पैदावार भी अच्छी मिल रही है। पौधे के पत्तों की क्वालिटी भी अच्छी है। फल भी बेहतर क्वालिटी के लग रहे हैं।

### पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का होगा वार्षिक सत्यापन

**कोरबा।** शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन नगर निगम द्वारा कराया जाएगा। 4 दिसम्बर से प्रथम चरण में निगम के बालको जोन कार्यालय, रविशंकर नगर जोन कार्यालय एवं निगम के मुख्य कार्यालय साकेत भवन स्थित लोकसेवा केन्द्र में हितग्राही सत्यापन का कार्य संपादित होगा। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत शासन के सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप से किया जाएगा, जिसमें आधार सत्यापन हेतु हितग्राहियों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं उनके मोबाईल नम्बर भी लिए जाएंगे। निगम द्वारा इन पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों से कहा गया है कि वे उक्तानुसार आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त स्थलों पर पहुंचकर अपना वार्षिक सत्यापन करा लें ताकि उन्हें समय पर पेंशन लाभ प्राप्त होने में किसी प्रकार का अवरोध का सामना न करना पड़े।

## नेशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल में अश्विना ने मारी बाजी



प्रशस्ति पत्र प्राप्त करती छात्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जांजगीर के कलेक्ट्रेट परिसर में 30 नवम्बर को आयोजित आल इंडिया

**खास बात**

- जांजगीर में आयोजित कार्यक्रम में किया था नृत्य का प्रदर्शन

नेशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल में कोरबा की होनहार बालिका अश्विना श्रीवास ने अपने लयकारी और नृत्य कौशल के दम पर प्रथम पुरस्कार जीत कर गौरांवित किया। अश्विना कोरबा के एम.पी.नगर में रहती हैं और यह डीडीएम पब्लिक स्कूल में कक्षा 7वी की छात्रा है। पिता बालकों में इंजीनियर के रूप में पदस्थ है एवं माता ने उन्हें निरन्तर अभ्यास और प्रोत्साहन देकर उनके कला को निखारने में अहम भूमिका निभा रही है। बच्ची की इस उपलब्धि पर परिवार, गुरुजनों एवं विद्यालय परिवार ने उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# नवविवाहिता ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक वर्ष पूर्व एक युवक ने बस्ती में निवास करने वाली एक युवती से प्रेम विवाह किया था। इस बीच बीती रात को नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि फांसी के फंदे में झूल रही नवविवाहिता पर उसके पति की नजर पड़ी तो उसके होश उड़ गए और उसने फंदे से उतरकर उसे मेडिकल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है। नवविवाहिता ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी बस्ती की है। यहां निवासरत आशीष कुमार ने बस्ती में निवासी सरस्वती केवट नामक युवती से एक वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। दोनों पति-पत्नी बस्ती में निवास करते थे बताया जाता है कि आशीष केवट अपने घर के बाहर काम कर रहा था। देर शाम को जब वह काम कर घर पहुंचा तो सरस्वती केवट गमछे से फांसी के फंदे में झूल रही थी जिसे देखकर उसके होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना आसपास के पड़ोसियों को दी। जिसके उपरांत आनन फानन में उसे फंदे से नीचे उतरकर जिंदा होने की उम्मीद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन मेडिकल हॉस्पिटल पहुंचा जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सरस्वती ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना अंतर्गत छिंदपुर निवासी पवन श्रीवास उम्र 43 वर्ष पिता स्व रामाश्रय श्रीवास मंगलवार की रात अपने बाईक में सवार होकर हरदीबाजार से 8 किमी दूर अपने गांव छिंदपुर जा रहा था। जिसे सामने से किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दिया है।

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### 18 लीटर महुआ शराब के साथ एक महिला आरोपी को किया गिरफ्तार



**हसौद।** कलेक्टर के निर्देश एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त जैजैपुर की टीम ने 2 दिसंबर मंगलवार को अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही की। गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बैहागुडरु में सुनिता डूप्ले पति रंजित के घर पर छापामार कार्यवाही की गई।जांच के दौरान आरोपी के घर से दो प्लास्टिक डिब्बों में भरी कुल 18 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। अवैध शराब बिक्री के उद्देश्य से रखने पर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। बाद में आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान वृत्त जैजैपुर प्रभारी घनश्याम प्रधान, मु.आर. रघुनाथ पैकरा, सैनिक भीम साहू, राजेश कंवर, तथा आबकारी स्टाफ परसराम कहरा और बसंती का विशेष योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क. /बी-121/2024-25
ग्राम- कटघोरा, हप.ह.नं. 10 तहसील कटघोरा जिला कोरबा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. व तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौरभ शुक्ला पिता ज्ञानेश्वर प्रसाद शुक्ला उम्र 33 जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम. कटघोरा तह० कटघोरा, जिला-कोरबा छग के द्वारा अपने स्वयं के शिक्षा/शासकीय नौकरी में आरक्षण हेतु ई. डब्बलू.एस प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन/अन्य दस्तावेज के साथ शपर्थ पत्र में परिवार का वार्षिक आय 90,000.00 रू है। एवं वर्तमान आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। आवेदक एवं परिवार के नाम पर पॉच एकड़ से अधिक कही भी कृषि भूमि दर्ज नहीं है। अधिसूचित नगर पालिकओं आवासीय फलैट 1000 वर्ग मी./ आवासीय प्लाट 200 वर्ग मी./ गज से नहीं है। आवेदक द्वारा अपने शपर्थ पत्र में आर्थिक रूप कमजोर वर्ग के निर्धारित समस्त मापदडों के अनुरूप ई. डब्बलू.एस प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति होतो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15.12.2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 27.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा,जिला कोरबा**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील- भैंसमा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक 35/तह./ वाचक / 2025
भैसमा दिनांक- 26/11/2025
रा.प्र.क्र./ बी-121/2025-26, ग्राम चीतापाली, प.ह.नं. 04, तहसील- भैसमा, जिला-कोरबा (छ0ग0)

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम चीतापाली, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. भैसमा, तहसील- भैसमा, जिला-कोरबा (छ0ग0) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दयाराम रंगारी पिता स्व. मोतीराम रंगारी, उम्र 60 वर्ष, जाति महार, निवासी ग्राम चीतापाली, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं.-भैसमा, तहसील- भैसमा, जिला- कोरबा (छ0ग0) के माता स्व. सैजी बाई रंगारी पति स्व. मोतीराम रंगारी की मृत्यु दिनांक 29/04/2020 को स्थान ग्राम चीतापाली, प.ह.नं. 04, रा. नि.मं.- भैसमा, तहसील- भैसमा, जिला-कोरबा (छ0ग0) में होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु शपथ पत्र, पंचनामा, अनुलब्धता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं चालान के साथ आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो या हित रखते हो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक- 11/12/2025 को प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जावेगा। आज दिनांक 26/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**भैसमा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर मां सर्वमंगला घाट पर आज होगा हसदेव आरती का आयोजन

**कोरबा।** जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी और उसके तटों के संरक्षण को समर्पित नमामि हसदेव सेवा समिति लगातार सामाजिक और धार्मिक पहल के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के तहत समिति द्वारा हर माह पूर्णिमा के दिन माँ सर्वमंगला मंदिर घाट, कोरबा में हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर नदी संरक्षण का संकल्प लेते हैं। समिति का मानना है कि जलस्त्रोतों का प्रदूषण कम करना, तटों का सौन्दर्यीकरण करना और नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जनसहभागिता ही सबसे प्रभावी मार्ग है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस माह की मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर 4 दिसंबर को सायं 5 बजे मां सर्वमंगला मंदिर घाट कोरबा पर एक बार फिर हसदेव आरती का आयोजन किया जाएगा। समिति का कहना है कि यह कार्यक्रम केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी है कि हमारी नदियाँ केवल जल का स्त्रोत नहीं, बल्कि संस्कृति, आस्था और जीवन का आधार हैं।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 5 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 5 दिसंबर को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से 3 नियोजकों -श्रमीन टेंलेंट प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, औप्टीवल हेल्थ सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और टाटा एआईए लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कोरबा के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। फिल्ड टेक्निशियन, फर्माशीस्ट, फिल्ड ऑफिसर, एच आर एक्जीक्यूटिव्ह, बिजनेस एसोसिएट, मैनेजर, लीडर मैनेजर, डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजर, इंश्योरेंस एडवाईजर के रिक्त पदों के लिए, आईटीआई ऑल टेक्निशियन ट्रेड, स्नातक, फार्मा, एमबीए, कार्यस्थल कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, वेतनमान रूपये 15 हजार से 30 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### तरुण प्रदेश महासचिव और नोहर बने महामंत्री

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार राठौर के नेतृत्व में प्रदेश प्रदेश स्तरीय कार्यों में सक्रियता बनाने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें जिले के तरुण प्रकाश वैष्णव को प्रदेश महासचिव और नोहर चन्द्रा को प्रदेश महामंत्री बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष राठौर ने बताया कि पूर्व में भी वैष्णव और चन्द्रा फेडरेशन में सक्रिय पदाधिकारी के रूप में कार्य किए हैं। जिले के साथ-साथ प्रदेश स्तर पर भी इनकी सक्रियता बनी रहती है।

### व्यवसायिक शिक्षा के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**भैसमा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेन्द्रीपाली में अध्ययनरत छात्रों को समग्र शिक्षा के तहत संचालित व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि एवं हेल्थ केयर विषय के छात्रों को सम्बंधित फार्म में विद्याथियों जानकारी व साथ ही नवाचार को देखने के लिए कृषि छात्रों को गबेल कृषि फार्म रामपुर, हेल्थ केयर विषय छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, करतला यहाँ के प्रबंधक भुनेश्वर गबेल, आरएँमओ रश्मि सिंह के र्ग दर्शन में आधुनिक कृषि, सूक्ष्म सिंचाई, नर्सरी तैयार करने, आपरेशन थिएटर, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, बच्चों को जानकारी दी गई। इस दौरान संस्था के प्राचार्य जे. आर. अजगल्ले, वरिष्ठ व्याख्याता वीरेंद्र राठिया, व्यवसायिक शिक्षक छत्रपाल साहू रितु साहू साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### थोक व्यापारी से 107 क्विंटल अवैध धान जप्त

**कोरबा।** जिले के ब्लॉक व तहसील पाली में अवैध धान पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार टीम ने 3 दिसंबर को पाली अनुविभाग के ग्राम परसदा में थोक व्यापारी अजय किराना के संचालक द्वारिका जायसवाल के यहां दबिश दी। द्वारिका जायसवाल के द्वारा अवैध रूप से भंडारित धान 241 बोरी लगभग 107 क्विंटल को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी पाली रोहित सिंह, तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार सुजीत पाटले एवं मंडी निरीक्षक दिनेश, फूड इंस्पेक्टर, हल्का पटवारी उपस्थित रहे।

# सावधान, सूना मकान छोड़ना खतरे से नहीं है खाली, चोर कर रहे हैं रेकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शादी सीजन और कड़ाके की डंठ के बीच सूने मकान की चोर रेकी कर रहे हैं और सूने मकान में ही धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान ही शहर में कई चोरी की बड़ी वारदात सामने आ चुकी है इसलिए लोगों को सावधान रहने की जरुरत है कि किसी भी स्थिति में अपने मकान को सूना न छोड़े ताकि ऐसी घटना से बच सके और लाखों की चपत भी न लगे।

उल्लेखनीय की अक्सर लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। पुलिस द्वारा समय-समय पर या अपील की जाती है कि घर से छुट्टियों में बाहर जाने पर या तो अपने घर में अपने रिश्तेदारों को सोने के लिए चाबी देकर जाएं या फिर सोना चांदी व नगदी रकम हो घर में ना रखें लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं और सूने मकान में ताला बंदकर लाखों रुपए कीमती जेवरात को रखकर चले जाते हैं। जिसका चोर बखूबी फायदा उठाते हैं। चोर रात में घूमते रहते हैं और घूम घूमकर रेकी करते रहते हैं कि कौन से मकान में ताला बंद है और कब से ताला बंद है। चोरों को जब पता चलता है कि मकान काफी लंबे दिनों से बंद है जिसका फायदा उठाते हैं और सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी के वारदात को अंजाम देते हैं। शहर के अलग-अलग इलाकों में पिछले कुछ दिनों से इस तरह की चोरी में इजाफा हुआ है। खासतौर पर बात करें तो सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा इस तरह की घटनाएं सामने आई है। पुलिस सभी मामलों में चोरी का अपराध पंजीकृत कर चुकी है और चोरों की पतासाजी में जुटी हुई है लेकिन अब तक पुलिस चोरों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाई है। देखना है कि पुलिस चोरी की मामलों को कब तक सुलझा पाती है।

### शादी व छुट्टी बिताने घर को सूना कर जाते हैं लोग

**खास बातें**

- अक्सर ठंड के मौसम में ही चोर गिरोह होते हैं सक्रिय
- लोगों को भी सावधानी बरतने की है जरूरत



### शीतकालीन छुट्टी में ज्यादा होती है वारदात

दिसंबर के अंतिम सप्ताह में शीतकालीन की छुट्टी लग जाती है और छुट्टी के दौरान ही लोग अपने-अपने बच्चों के साथ बाहर घूमने व सैर सपाटे का मजा लेने के लिए जाते हैं। इसलिए लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। यदि इस वर्ष शीतकालीन में छुट्टी मनाने के लिए बाहर जा रहे हैं तो अपने घरों में अपनी कीमती सामान ना रखें और यदि समान रखते हैं तो अपने पड़ोसी या फिर अपने रिश्तेदार को चाबी देकर जाए ताकि वह प्रतिदिन रात को आपके घर की निगरानी कर सके और लाखों का माल चोरी होने से बच सके। आने वाले दिनों में शीतकालीन की छुट्टी लगने वाली है और आम जनता को पुलिस के साथ मिलकर काम करना होगा और पुलिस के दिशा र्दिशों का पालन करना होगा तब जाकर चोरी की वारदात को रोका जा सके।

### लावारिश हालत में रेल पाथ से भरी पिकअप वाहन को किया जब्त

# कबाड़ चोर रेल पाथ को काटकर खपाने के थे फिराक में पुलिस ने दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कबाड़ का धंधा जमकर फल फूल रहा है। कबाड़ चोर पुलिस की आंखों में धूल झोंकर रात के अंधेरे में कबाड़ की जमकर चोरी कर रहे हैं। नया मामला दर्री थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां कबाड़ चोरों ने रेल पाथ को फिर से काटकर गाड़ी में लोडकर चुके थे। जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो कबाड़ चोर फरार हो चुके थे लेकिन पुलिस ने मौके से पिकअप वाहन में लोड 5 रेल पाथ जप्त कर लिया है और मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

**खास बात**

- दर्री थाना क्षेत्र का मामला, कबाड़ चोर हुए फरार



जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी में रोड के किनारे एक बिना नंबर प्लेट के पिकअप वाहन में कबाड़ भरे जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर दबिश दी। कबाड़ चोर पुलिस को मौके पर देखा तो वहां से फरार हो गये। पुलिस ने मौके से कबाड़ से भरे लाखों रुपए कीमती वाहन को लावारिस हालत में जप्त कर लिया है। बताया जाता है कि पुलिस ने उक्त वाहन को धारा 102 के तहत जप्त कर लिया है। उक्त वाहन में कबाड़ चोरों ने लाखों रुपए कीमती के रेल पाथ को काटकर रखे थे, साथ ही रेल पाथ को काटने के लिए बकायदा गैस सिलेंडर भी था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि आखिर इस कबाड़ चोरी में किस गिरोह का हाथ है। रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ओमपुर मकान नंबर एम/461 निवासी महेत्तर सिंह उम्र 53 साल पिता जुगुल सिंह कंवर ने रिर्पोट दर्ज कराया कि 30 नवंबर की रात्रि 4 बजे सुरक्षा कर्मी अतुल कुमार फोन कर बताया कि मेन गेट स्टोर में केबल चोरी हो गया है। तब महेत्तर सिंह मेन क्लाइन मेन स्टोर गया वहां देखा कि करीब 30 मीटर तांबा केबल को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई है।

### बांकीमोंगरा में मामला आया था सामने

जिले में भले ही कबाड़ का धंधा बंद होने की बात कही जाती है लेकिन मैदानी स्तर पर नजर नहीं आता है। कबाड़ी खुलेआम कबाड़ के धंधे को अंजाम दे रहे हैं और लगातार चोरी कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में कुछ इसी तरह का मामला सामने आया था। जहां कबाड़ चोरों ने गैस सिलेंडर के माध्यम से रेल पाथ को काटकर रेल पाथ की चोरी कर रहे थे जहां पुलिस ने लावारिस हालत में वाहन को जप्त कर लिया है। अब तक इस मामले में पुलिस चोरों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाई है। हालांकि बांकीमोंगरा पुलिस ने कबाड़ चोरों के धरपकड़ व अपराध दर्ज करने के लिए एनटीपीसी और सीएसईबी प्रबंधन को पत्र लिखा गया है लेकिन अब तक दोनों विभाग के अधिकारी कर्मचारी जब्त सामानों की पहचान करने नहीं पहुंच रहे हैं।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद की 142वीं जयंती




जयंती कार्यक्रम मनाते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद अपनी विशिष्ट क्षमता का प्रदर्शन करते हुए देश को नई उंचाईयों पर पहुंचाने का कार्य किया और अपने सार्थक योगदान के माध्यम से देशवासियों के हृदय में सदियों तक जीवंत बने रहेंगे। उक्त कथन पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के 142वीं जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। श्री अग्रवाल ने डॉ.राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा कि डॉ.प्रसाद ने कुशल राजनेता, प्रशासक, दूरदृष्टा के साथ काम किया और भारत को नयी पहचान दी। वे भारतीय संस्कृति में पूर्णतः रचे बसे एवं सादगी में विश्वास करने वाले श्रेष्ठ व्यक्ति थे। प्रदेश कांग्रेस सचिव बी एन सिंह ने डॉ.राजेन्द्र प्रसाद के व्यक्तित्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जिस तरह गुरूत्तर दायित्व निभाया वह हर युग के लिए प्रेरणादायी होगा। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने कहा कि डॉ.प्रसाद भारतीय जीवन पद्धति और सच्चे भारतीय के प्रतीक थे। हमारे देश के स्वतंत्रता के इतिहास में उनकी सेवाएं आज भी यादगार है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने कहा कि डॉ.राजेन्द्र प्रसाद एक सच्चे राष्ट्रवादी, गांधीवादी, विचारधारा में विश्वास रखने वाले प्रखर राजनीतिज्ञ प्रख्यात विधिवेता, वाकपटु सांसद एवं श्रेष्ठ प्रशासक थे।

### दिव्यांग दिवस पर सरनापारा में आयोजित हुए कार्यक्रम

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिले के दूरस्थ वनाँचल ग्राम शासकीय प्राथमिक शाला सरनापारा, संकुल सिमगा, विकासखण्ड पोड़ीउपरोड़ा में दिव्यांग बच्चों के प्रोत्साहन एवं शैक्षणिक उन्नति के लिए शाला विकास समिति के अध्यक्ष जय कुमार सिदार के मुख्य आतिथ्य तथा संकुल प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने दिव्यांग बच्चों के पालकों तथा ग्रामवासियों को शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारें में बताया तथा शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों, प्रधान पाठकों तथा संकुल समन्वयकों को दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किए।

# मकान नापी सर्वे की राह आसान नहीं, अब गांव समिति करेगी एकजुटता के साथ विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन की जबरदस्ती मनमानीपूर्ण रवैया को देखते हुए। आज बुधवार को हरदीबाजार पंचायत भवन में बैठक आयोजित कर हरदीबाजार ग्राम समिति का गठन किया गया है। इस बैठक में शामिल सभी ग्रामवासियों ने सर्व सम्मति से अध्यक्ष पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, उपाध्यक्ष अजय दुबे, नरेश टंडन,रामशरण कंवर , कोषाध्यक्ष श्यामू जायसवाल,बैठक व्यवस्था प्रभारी पूर्व सरपंच युवराज सिंह कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, उपसरंपच




बैठक में शामिल ग्रामीण।

रेखा जायसवाल मदन राठौर , रामायण यादव,लाला राठौर, राजेश जायसवाल,अजय यादव,विजय जायसवाल, रमेश अहिर सहित प्रत्येक वार्ड से 3 व्यक्तियों को समिति में रखा गया है वहीं गांव में निवास करने वाले सभी को हर घर से एक-दो महिला पुरुष सदस्यों को हड़ताल, बैठक सहित अन्य एसईसीएल दीपका प्रबंधन से लड़ाई के लिए उपस्थित रहना है । समिति गुरुवार से एसईसीएल दीपका प्रबंधन के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रवेश को रोकने उनके अस्थाई आफिस को बंद करने , अनिश्चितकालिन हड़ताल को लगातार जारी रखने व दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक बैठने सहित न्यायालय में एसईसीएल की समस्याओं को लेकर एक जनहित याचिका दायर करने विधिक सलाहकार समिति के मार्गदर्शन में याचिका दायर की जाएगी । सहित अन्य गांव व लोगों के हक, अधिकारों के स्पष्ट निराकरण नहीं होने तक समिति एसईसीएल दीपका प्रबंधन से अपनी लड़ाई लगती रहेगी । बैठक में गोपाल यादव, बाबूराम राठौर, सुरेंद्र राठौर,अनिता जांगड़े,विनय चंद्राकर, रमाकांत गुरुद्वान, रामेश्वर यादव, सीताराम ओढ़े, सीताराम यादव, चुन्नी लाल यादव,रामायण रात्रे,पुन्नेश नामदेव,प्रेम डिक्सेना,अशोक डिक्सेना,हरसेन दास महंत,सहित लगभग 250 ग्रामवासी बैठक में शामिल हुए।

# समूह चयन में राशि की मांग कर अनियमितता की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के करीब डेढ़ साल बाद साय सरकार ने आखिरकार महिला स्व सहायता समूहों से चुनाव पूर्व किया अपना वादा निभाने की कवायद शुरू की। आकांक्षी जिला कोरबा समेत प्रदेश के 6 जिलों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण आहार 2.0 पूरक पोषण आहार व्यवस्था रेडी टू ईट ,फोर्टीफाइड आटा आपूर्ति का कार्य परियोजना स्तर पर चयनित स्व महिला सहायता समूहों को दी गई है। समूहों को दिए जाने के 8 माह बाद भी प्रशिक्षण एवं नमूना (सैम्पल ) जांच की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाने की वजह से संचालन शुरू होने का इंतजार 2 माह और आगे बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर संचालन शुरू होने से पहले शिकवा शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। समूह चयन प्रक्रिया में राशि की मांग कर अपात्र समूहों का चयन करने की शिकायत की गई है। मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जिला प्रशासन ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के नेतृत्व में 3 सदस्ययीय जांच टीम गठित कर दी है। जो शिकायत की जांचकर जल्द ही जिला प्रशासन को जांच प्रतिवेदन सौंपेगी। बहरहाल जांच आदेश निकलने मात्र से संबंधितों में हड़कम्प मचा है। महिला एवं बाल विकास विभाग 6 माह से 6 वर्ष के नौनिहालों, किशोरियों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण के लिए कार्य करती है। 1 फरवरी 2022 के पूर्व स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत रेडी टू ईट कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा था। गेहूं ,सोया ,चना ,मूंगफली मिश्रित पौष्टिक पोषण आहार रेडी टू ईट 3 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए प्रत्येक मंगलवार को दिए जाने का प्रावधान है ताकि उन पर कुपोषण की काली छाया न पड़े। कुपोषित हितग्राही इसके दायरे से बाहर निकल सकें। 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन में फोर्टिफाइड आटा से निर्मित रोटी प्रदाय किया जाता है। लेकिन 24 दिसंबर 2021 को छत्तीसगढ़ शासन ने द्वारा कैबिनेट में लिए गए निर्णय अनुसार 1 फरवरी 2022 फरवरी से राज्य बीज निगम की स्थापित इकाईयों के माध्यम से स्वचलित मशीनों के माध्यम से रेडी टू ईट का उत्पादन करने का निर्णय लिया था। इसके पीछे शासन ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाईन का हवाला दिया था, जिसमें मानव स्पर्श रहित गुणवत्ता युक्त आवश्यक पोषक तत्वों से भरे रेडी टू ईट बच्चों की सेहत के लिए उपयुक्त बताया था।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### महापौर ने पार्षदों की पस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर बस को किया रवाना

# 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर ने पार्षदगणों की उपस्थिति में श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थयात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए निगम कार्यालय साकेत भवन से रवाना किया। उन्होंने तीर्थयात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं तीर्थयात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें अपनी शुभकामना दी। प्रदेश सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में बुधवार को महापौर ने हरी झण्डी दिखाकर दल को रवाना किया।

**खास बातें**

- तीर्थ यात्रियों को रवाना करने के पूर्व तिलक लगाकर किया गया रवाना
- प्रदेश सरकार की श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत यात्री जा रहे हैं अयोध्या



तीर्थ यात्रियों को तिलक लगाती महापौर।

### बोईदा से अयोध्या धाम दर्शन के लिए 10 श्रद्धालुओं का दल रवाना

हरदीबाजार। पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बोईदा से 10 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के लिए रवाना हुआ। ग्रामीणों के इस दल को विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा तथा ग्राम सरपंच संजय राज ने शुभकामनाएँ देकर विदाई दी। विदाई समारोह के दौरान सरपंच संजय राज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या धाम दर्शन का अवसर हर किसी को आसानी से नहीं मिलता। यह ग्रामीणों के लिए सौभाग्य का क्षण है। उन्होंने सभी यात्रियों को सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस धार्मिक यात्रा से ग्रामीणों को आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन में नए अनुभव प्राप्त होंगे। गांव में 6 दलों को पहले ही सरपंच संजय राज द्वारा अयोध्या धाम दर्शन कराकर वापस आ गये हैं। श्रद्धालुओं ने भी बताया कि उन्हें पहली बार श्रीरामलला के दर्शन का अवसर मिल रहा है, जिसके लिए वे अत्यंत उत्साहित हैं। इस यात्रा दल में श्रवण कुमार, उर्मिला बाई, बोधी राम, अमृत बाई, मनहरन मरार, पुनिया बाई, ब्यास मति, रामायण बाई और राम बलवान शामिल हैं, जो अगले कुछ दिनों में दर्शन कर ग्राम वापस लौटेंगे।



online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411